भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2751
सोमवार, 17 मार्च, 2025/26 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

मध्य प्रदेश में घोघरा के मंदिरों का विकास

2751. डॉ. राजेश मिश्रा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थित प्राचीन चंद्रेह शिव मंदिर, घोघरा स्थित चंडी माता मंदिर तथा बीरबल की जन्मस्थली और आस्था के केंद्र बढौरा स्थित शिव मंदिर को आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। इन योजनाओं के तहत परियोजनाओं का प्रस्ताव प्रस्तुत करना एक सतत प्रक्रिया है।

मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय क्षेत्र में प्राचीन चंद्रेह शिव मंदिर, बीरबल की जन्मस्थली घोघरा में चंडी माता मंदिर और शिव मंदिर, बढौरा को विकसित करने का कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

तथापि, मध्य प्रदेश में 'प्रशाद', 'स्वदेश दर्शन' और 'अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

*****

अनुबंध

डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा मध्य प्रदेश में घोघरा के मंदिरों के विकास के संबंध में दिनांक 17.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2751 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

मध्य प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
अमरकंटक का विकास	49.99	34.73
ओंकारेश्वर का विकास	43.93	43.93

मध्य प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत चिह्नित स्थलों का विवरण

क्र.सं.	स्थल/परियोजना
1.	श्री पीताम्बरा पीठ, दतिया जिला
2.	शनिदेव मंदिर, मुरैना जिला

मध्य प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	परिपथ/वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	वन्यजीव परिपथ 2015-16	पन्ना - मुकुंदपुर - संजय - डुबरी - बांधवगढ़ - कान्हा - मुक्की - पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास	92.10
2.	बौद्ध परिपथ 2016-17	साँची - सतना - रीवा - मंदसौर - धार का विकास	74.02
3.	विरासत परिपथ 2016-17	ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास	89.82
4.	इको परिपथ 2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास	93.76

मध्य प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0. योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत लागत

			(करोड़ रु. में)
1.	ग्वालियर	फूलबाग अनुभव क्षेत्र	16.73
2.	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव	27.21

मध्य प्रदेश में पर्यटन मंत्रालय की चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना के तहत चिह्नित स्थलों की सूची

क्र.सं.	**गंतव्य**	**श्रेणी**
1.	मांडू	संस्कृति और विरासत
2.	ओरछा	आध्यात्मिक पर्यटन

मध्य प्रदेश में एसएएससीआई के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
1.	ओरछा में एक मध्यकालीन वैभव	99.92
2.	भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर	99.38

मध्य प्रदेश में अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

परियोजना का नाम	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि (करोड़ रु. में)**
आईटीडीसी द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना	2315.30	1008.27

*****